Need to construct a new railway line between Ramganjmandi and Ujjain via Jhalawar-Laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) : मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ अति पिछड़ा क्षेत्र था जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने आकांक्षी से आशान्वित जिले में सम्मिलित कर मोहनपुरा ,कुंडालिया तथा रेशई-पार्वती डैम के साथ ही पार्वती - कालीसिंध-चंबल सिंचाई लिंक परियोजना से क्षेत्र में 6 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित करने की दिशा में कदम बढ़ाये है । राष्ट्रीय राजमार्गो एवं रामगंज मंडी भोपाल रेल लाइन की सौगात देकर राजगढ़ संसदीय क्षेत्र को विकासशील क्षेत्र की दौड़ में सम्मिलित किया है । मैं सरकार से रामगंज मंडी-उज्जैन रेल लाइन वाया झालावाड़ हेतु अनुरोध करता हूं इससे संसदीय क्षेत्र राजगढ के डोंगरगांव, सोयत,सुसनेर, आगर को कम दूरी की अनेक रेल सेवाओ का लाभ मिलेगा एवं देश के विभिन्न भागो से मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओ हेतु सुगमता सहित राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा ।